# हाईटेंशन बिजली लाइन हटाने की मांग, पोल पर चढ़ा सरपंच

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र के भूताला गांव में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही के खिलाफ अनूठा विरोध देखने को मिला। बुधवार शाम करीब 7 बजे गांव के पास से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर सीधे तालाब में जा गिरा।

जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय एक मासूम बच्ची तालाब के बिल्कुल किनारे खड़ी थी। तार गिरते ही पानी में करंट फैलने का खतरा बन गया था लेकिन गनीमत रही कि बच्ची समय रहते दूर हट गई और वह बाल.बाल बच गई।घटना के बाद पूरे भूताला गांव में अफरा.तफरी और दहशत का माहौल

■ **ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते इस लाइन को नहीं हटाया गया तो कभी भी सकता है बड़ा हादसा हो**

बन गया। ग्रामीणों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लाइनमैन से जब ग्रामीणों ने इस खतरनाक लाइन को तुरंत दूसरी जगह शिफ्ट करने को कहा तो उसने अधिकारियों के आदेश का बहाना बनाकर टालमटोल शुरू कर दी। लाइनमैन के इस रवैये से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।प्रशासन का ध्यान इस गंभीर खतरे की ओर खींचने के लिए भूताला सरपंच मोहन सिंह राजपूत खुद जान जोखिम में डालकर 11 केवी हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ गए। सरपंच के पोल पर चढ़ते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सरपंच ने साफ कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर लाइन हटाने का लिखित आश्वासन नहीं देते वे नीचे नहीं उतरेंगे।

शाम 7 बजे से रात 10.30 बजे तक करीब साढ़े तीन घंटे तक सरपंच पोल पर ही बैठे रहे। खबर मिलते ही बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। रात को ही एईएन और जेईएन मौके पर पहुंचे और सरपंच से लंबी बातचीत की। अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द लाइन शिफ्ट करने के आश्वासन के बाद सरपंच को सुरक्षित नीचे उतारा।

सरपंच मोहन सिंह और ग्रामीणों का आरोप है कि यह समस्या सालों पुरानी है। पूर्व जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल में भी सरपंच ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था और ग्रामीणों ने लाइन हटाने के लिए लिखित आवेदन दिया था। इसके बावजूद बिजली विभाग सोता रहा और किसी बड़े हादसे का इंतजार करता रहा।

## प्रदर्शन किया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के मदार गांव में सड़क के तहस.नहस होने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क टूट जाने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। गांव में रिश्तेदार तक आना पसंद नहीं करते। इसी के चलते ग्रामीणों ने गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के बाहर प्रदर्शन किया।

आरोप है कि गांव को कनेक्ट करने वाली पूरी तरह खराब हो गई है, कोई सुध लेने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की सड़कों पर भारी वाहनों को बैन किया जाए और सड़क की मरम्मत करवाई जाए।ग्रामीण शिविर में एक युवक ने कहा कि सड़क की क्षमता केवल 10 टन वजन झेलने की है,लेकिन यहां से कई डंपर भारी वजन लेकर गुजरते हैं। यहां आसपास के होटलों का पानी भी नीचे की तरफ आ रहा है। बारिश में यह समस्या बढ़ जाती है पैदल और दुपहिया वाहन तक नहीं निकल पाते।

## दंपति व बेटी को एटीवी ने मारी टक्कर, युवक का घुटना फूटा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल दूधतलाई में अवैध रूप से संचालित एटीवी (ऑल टेरेन व्हीकल) बाइकों का खतरनाक संचालन एक बार फिर हादसे की वजह बना। गुरु पूर्णिमा पर गुरुदेव के दर्शन कर घर लौट रहे डबोक निवासी दंपत्ति और उनकी बेटी को तेज रफ्तार एटीवी ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक का घुटना बुरी तरह फट गया, जबकि उसकी पत्नी और बेटी भी घायल हो गईं। तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से महाराणा भूपाल (एमबी) चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार डबोक निवासी परिवार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुदेव का आशीर्वाद लेकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वे दूधतलाई क्षेत्र में पहुंचे, वहां पर्यटकों को किराये पर घुमाने के लिए अवैध रूप से संचालित की जा रही एक एटीवी बाइक तेज गति से आई और उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दंपत्ति और उनकी बेटी कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दूधतलाई में लंबे समय से बिना पर्याप्त नियंत्रण और सुरक्षा इंतजामों के एटीवी बाइकों का व्यावसायिक संचालन किया जा रहा है। इससे पहले भी इन वाहनों को लेकर शिकायतें और हादसे सामने आ चुके हैं।

## शव सौंपा

**उदयपुर,(कासं)।** उदयपुर में दो दिन पहले सेटबैक को लेकर हुई वृद्ध सागरमल मेहता की हत्या के मामले में गुरूवार को समझाईश व आरोपी के मकान पर हुई बुलडोजर कार्रवाई के बाद समझाइश के बाद परिजन शव लेने पर मान गए। पुलिस ने गुरूवार को सागरमल मेहता का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

जानकारी के अनुसार शहर के सुंदरवास क्षेत्र में ओसवाल प्लाजा के पीछे एक मकान के पास सेटबैक विवाद को लेकर हुई मारपीट में वृद्ध सागरमल मेहता की मौत हो गई। परिजनों द्वारा आरोपियों द्वारा मारपीट कर हत्या करने की बात कही जिस पर पुलिस ने मामले में घटनास्थल पर मारपीट कर रहे तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद परिजनों की सेटबैक व अवैध मंजिल को हटाने की मांग पर यूडीए द्वारा मकान के सेटबैक व मकान में बनी तीसरी अवैध मंजिल को तोड़ने की कवायद की गई थी।

## संक्षिप्त

### अपनों से अपनी बात कार्यक्रम आज से

**उदयपुर,(कासं)।** नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ, बड़ी परिसर में शुक्रवार से 5 अगस्त तक 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह छः दिवसीय आयोजन संस्कार चैनल पर प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आये दिव्यांगजन और उनके परिजन भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान से जुड़े सहयोगियों, सेवाभावियों और दिव्यांगजन परिवारों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करना है। इसमें निःशुल्क उपचार के लिए आये दिव्यांगजन एवं उनके परिजन अपने अनुभव, सुझाव और विचार साझा करेंगे, जिससे सेवा कार्य ओर अधिक प्रभावी हो सके। संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम एक ऐसा मंच है, जहाँ सेवा की भावना, आपसी समझ और मानवता के मूल्यों को और गहराई से अनुभव किया जा सकेगा। इस अवसर पर प्रेरक प्रस्तुतियाँ, संवाद सत्र और भावनात्मक अनुभवों का आदान-प्रदान होगा।

### लाखों की नकदी व उपकरण जब्त

**उदयपुर,(कासं)।** एएनटीएम की टीम ने हवाला कारोबारी कार्यालय पर दबीश देकर लाखों की नकदी एवं उपकरण जब्त किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में टीम ने मुखबीर से सूरजपोल मेवाड मोटर्स गली राजमंदिर कार्यालय के उपर स्थित कार्यालय में हवाला कारोबर होने की सूचना मिली। इस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर दबीश देकर 39लाख 22 हजार 660 रूपये संदिग्ध नकदी, नोट गिरने की मशीन एवं केलकुलेटर जब्त कर बीएनएस धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। मौके पर मौजूद शुभम जैन एवं एमपी निवसी अंकित आर्य नकदी के संबंध में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। आयकर विभाग एवं पुलिस की टीम काम कर रही है।

# पैसिफिक में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** पैसिफिक एकेडमी ऑफ हाइयर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के पैसेफिक होटल प्रबन्धन महाविद्यालय में एक दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यश राज एचआर एक्जीक्यूट ताज लेक पैलेस रहे। गुरु पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के द्वीप प्रज्वलन से हुआ।



पैसिफिक में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

महाविद्यालय के निदेशक विनोद कुमार सिंह भदौरिया ने सभी नए विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा प्राप्त करके महाविद्यालय का हिस्सा बनने की शुभकामनाएं प्रदान की। साथ ही कहा कि असफलता ही सफलता की पहली कुंजी है। मुख्य अतिथि यश राज ने आपसी संवाद द्वारा अपने विचारों और होटल इंडस्ट्री में क्षमायाचना, समानुभूति जैसे शब्दों का गुरु मंत्र प्रदान किया।धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रिंसिपल जैकब जॉन ने करते हुए विद्यार्थियों को कहा कि प्रथम गुरु हमारे अभिभावक हैं जिन्होंने सभी विद्यार्थियों को मार्ग प्रदान किया जिसके कारण ही आज वो इस मुकाम तक पहुंच पाए है। संचालन डॉ मेंहदी शर्मा द्वारा किया गया।

## अवैध मदिरा जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में आबकारी निरोधक दलों के कार्रवाई के तहत चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला एवं बेगूं में दबिश की कार्रवाई करते हुए 700 लीटर वॉश नष्ट किया और 77 बोतल अवैध हथकड़ शराब बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया। जोधपुर शहर सरदारपुरा एवं लूणी थाना क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई के तहत 288 पव्वे देशी मदिरा, 36 बोतल किंगफिशर बीयर, 23 पव्वे आरएमल एवं 2 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। भीलवाड़ा में कोठारी नदी के दुर्गम क्षेत्र में दबिश देकर 1800 लीटर वॉश नष्ट कर 40 लीटर हथकड़ शराब जब्त की। मौके से अवैध मदिरा के निर्माण में लिप्त 2 महिलाओं को भी गिरफ्तार किया। इसी क्रम में भीलवाड़ा के कुवाड़ा खान क्षेत्र में 3 हजार लीटर वॉश एवं 4 पुरानी भट्टियां नष्ट की गई। हनुमानगढ़ के भादरा में बिना नम्बर प्लेट की पिकअप से पांच कार्टन देशी मदिरा 240 पव्वे का अवैध परिवहन करने पर दो आरानियों को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खैंगरों की भागल, पंचायत समिति गिर्वा, जिला - उदयपुर**

क्रमांक:-2026-27/15 दिनांक-30.07.2026

**-: ई- निविदा सूचना :-**

इस कार्यालय के ग्राम पंचायत अन्तर्गत विभिन्न कार्यो हेतु आमंत्रित खुली बोली/ ई-निविदा ग्राम पंचायत स्तर पर आमंत्रित की जाती है अत: उक्त कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत इच्छुक संवेदको/ फर्मो से खुली बोली निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | NIB No | UBN No | निविदा की अन्तिम दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01/2026-27 | ZUD2627A1312 | ZUD2627WSOB01617<br>ZUD2627WSOB01618 | दिनांक:-09.08.2026<br>प्रात: 11 बजे तक |
| 02/2026-27 | ZUD2627A1313 | ZUD2627WSOB01622 | दिनांक:-10.08.2026<br>प्रात: 11 बजे तक |

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत -खेगरों की भागल पं.स.गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)

**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत -खेगरों की भागल पं.स.गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)


## रिक्त पद भरने की मांग

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राउमावि छायन बड़ी में विभिन्न शैक्षिणक एवं गैर शैक्षिणक पद रिक्त होने पर ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि छायनबड़ी विद्यालय में लंबे समय से अधिकांश पद रिक्त हैं जिससे विद्यार्थियों का अध्ययन प्रभावित हो रहा है एवं शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाचार्य, व्याख्याता कृषि विज्ञान एवं राजनीति, वरिष्ठ अध्यापक के चार, गणित विज्ञान संस्कृत व हिन्दी अध्यापक लेवल द्वितीय, सामाजिक विज्ञान अध्यापक लेवल वन के दो एवं पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त हैं वहीं लैब असिस्टेंट, एलडीसी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद भी रिक्त है।

# गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया



खत्री सेवा समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया।

**नाथद्वारा, (कासं)।** खत्री सेवा समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा का पर्व दिल्लीवाली धर्मशाला में मनाया गया।

अध्यक्ष जगदीश कपूर द्वारा शिक्षक अविनाश मनोज एवं अनीता का ऊपरना ओडाकर श्रीजी बाबा का प्रसाद व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई करनी चाहिए तथा इसके साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए इस अवसर पर संजय कपूर, आरती, कशिश, चारुलता, डिंपल, मंथन, राहुल कपूर उपस्थित थे।

## ज्वैलरी शोरूम में चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के पंचवटी इलाके में स्थित एक प्रतिष्ठित ज्वैलरी शोरूम में बीती रात चोर बड़ी चोरी को अंजाम दे गए। सीसीटीवी फुटैज के आधार पर चोरी की घटना 12 बजे से एक बजे के बीच हुई। जिसमें चार चोर शोरूम में अंदर दिखाई दे रहे है और बिना किसी भय में वारदात को अंजाम दे रहे है। पंचवटी शहर के पोश इलाके में शुमार होता है ऐसे में यहां पर चोरी की घटना होना पुलिस तंत्र पर सवालियां निशान खड़े करती है।

उदयपुर शहर के हाथापोल थाना क्षेत्र के पंचवटी स्थित नवीन ज्वैलर्स के शोरूम पर बीती रात चार चोर चोरी की घटना को अंजाम दे गए। शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में चार चोर दिखाई दे रहे है और बड़ी चोरी की वारदात कर गए। जानकारी के अनुसार नवीन ज्वैलर्स के संचालक नवीन सरूपरिया ने प्रारंभिक आंकलन में चोरी करीब 90 लाख से एक करोड़ के बीच बताई है।

जिसमें 22 लाख के हीरे के आभूषण, 350 से 400 ग्राम सोने के आभूषण, 10 से 12 किलो चांदी व साढ़े नौ लाख की नकदी चोरी होना बताया है। पुलिस संदिग्ध चोरों की तलाश में जुटी है। हाथीपोल थानाधिकारी राजू देवी द्वारा मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है।


भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**

**सार्वजनिक सूचना**

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार - 2026**

**आवेदन/नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन/नामांकन 15 मई, 2026 से आमंत्रित किए गए थे तथा आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई थी।

2. सभी इच्छुक व्यक्तियों, संस्थाओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (Rashtriya Puraskar Portal) पर ऑनलाइन आवेदन/नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 15 अगस्त, 2026 कर दी गई है।

3. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि आवेदन/नामांकन केवल ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर ही प्रस्तुत करें। डाक, कूरियर, ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन/नामांकन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

4. पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड तथा अन्य आवश्यक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग:
https://depwd.gov.in
राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल:
https://awards.gov.in

CBC 38117/11/0006/2627


## कांवड़ यात्रा के पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** महादेव की आराधना और उपासना के सबसे पवित्र श्रावण मास में शिवभक्तों का उत्साह चरम पर होता है, और इसी उद्धेश्य से रत्नागिरी विकास समिति एवं भूवाणा ग्रामवासियों की ओर से 3 अगस्त सावन के पहले सोमवार को कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कांवड यात्रा प्रात: 8.15 बजे स्थान बावड़ी वाले,हनुमान मन्दिर,भुवाणा से श्री अमरख महादेव अम्बेरी तक जाऐगी। गुरूवार आज कावड यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। पोस्टर का विमोचन पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, प्रेम शंकर डांगी, नारायण लाल डांगी, ललित वैष्णव, शंकर डांगी, हीरालाल डांगी, देवी लाल डांगी और हिम्मत सिंह कृष्णावत,मोनू शर्मा, रमेश सुथार, विनोद लौहार, शंकर सुखवाल एवं रत्नागिरी विकास समिति के सभी पदाधिकारीयों ने किया। इस कांवड यात्रा मे ग्यारह सौ कांवडिए बावड़ी वाले, हनुमान मन्दिर भुवाणा से कांवड में जल भरकर श्री अमरख महादेव अम्बेरी लेकर जाएगें एवं भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि सावन माह में कावड यात्रा की परंपरा अत्यंत प्राचीन समय से चली आ रही है।

## पौधारोपण किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी दर्शन समिति, डूंगरपुर द्वारा गुरुवार प्रातः गांधी आश्रम स्थित स्वतंत्रता सेनानी भोगीलाल पंड्या की समाधि स्थल पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं गांधीवादी मूल्यों के संवर्धन का संदेश दिया। प्रदेश संयोजक श्याम सुंदर जोशी ने कहा कि महात्मा गांधी का प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता व पर्यावरण संतुलन का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं बल्कि आने वाली पीढियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि पंड्या का त्याग, सेवा और जनकल्याण का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।


**Name Changed**

I Indian Passport Holder P6929791 Have Changed My Name From Firoz Husain S/o Abbas Ali Kotwal to Name Firoz Ali Surname Kotwal For All Future Purposes H. No. 73, Najampura Boharwadi, Girwa Udaipur Rajasthan-313001

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनिता चपलोत पत्नी श्री भावेश चपलोत, जाति-जैन, उम्र वयस्क निवासी नाथद्वारा, तह-नाथद्वारा, जिला- राजसमन्द के स्वामित्व एवं आधिपत्य का औद्योगीक प्रयोजनार्थ (फूड प्रासेसिंग युनिट) संपत्ति ग्राम कोठारिया चक अ, तह - नाथद्वारा में आराजी संख्या 1096,1097,1101 से 1113 तक एवं 1116 में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 8583 वर्गमीटर है उक्त संपत्ति के दस्तावेज श्रृंखला के अन्तर्गत एक कृषि भूमि का पंजीकृत विक्रय विलेख जिसे श्री गोविन्द सिंह पिता श्री प्रताप सिंह के द्वारा श्री लक्ष्मीलाल पिता श्री फतेहलाल जी एवं श्रीमती कलावती धर्मपत्नी श्री लक्ष्मीलाल चपलोत के पक्ष में दिनांक 13/02/2002 को निष्पादित किया गया व पंजीयन उपपंजीयन कार्यालय नाथद्वारा में दिनांक 13/02/2002, पुस्तक सं. 1. जिल्द सं. 1. पृष्ठ सं. 1. कम सं. 131 पर पंजीबद्ध किया गया जो सुनिता चपलोत के द्वारा उक्त असल दस्तावेज कही खो गया है एवं बहुत ढूंढने पर भी उक्त विक्रय विलेख नही मिला एवं उसके मिलने की कोई संभावना नही लग रही है एवं वर्तमान स्वामी सुनिता चपलोत के द्वारा उक्त दस्तावेज की प्रमाणित प्रति/फोटो कॉपी एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर **INDIAN BANK, BRANCH NATHDWARA** से उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक या वितिय संस्था को किसी प्रकार की कोई उजर ऐतराज आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर अन्दर मुझ अधिवक्ता के कार्यालय में मय दस्तावेजात आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मयाद श्रीमती सुनिता चपलोत के द्वारा प्रस्तुत ऋण आवेदन पर आगामी कार्यवाही अनुसरण में लायी जायेगी एवं तद्उपरान्त कोई भी उजर एतराज आपत्ति शून्य होगी।

स्थान - नाथद्वारा
दिनांक-30/07/2026

ईश्वर सिंह सामोता
आशीर्वाद कॉम्पलेक्स, नाथद्वारा
मो. 9414234871


# शिविर का निरीक्षण किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** प्रदेश स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता गुरुवार को डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का औचक निरीक्षण कर शिविर की व्यवस्थाओं, आमजन को दी जा रही सेवाओं तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने नगर परिषद

■ **के.के. गुप्ता ने बंद पडे आरओ प्लांट्स पर जताई नाराजगी**

सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर शहर की स्वच्छता व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं और लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान गुप्ता ने शिविर में विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया तथा आमजन से संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से शिविर के माध्यम से अब तक किए गए कार्यों, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को पट्टों



प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता ने लाभार्थियों को पट्टे बांटे।

का वितरण भी किया गया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।समीक्षा बैठक में गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शहरी सेवा शिविरों का उद्देश्य आमजन को सरकारी सेवाएं सरल, त्वरित और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि शिविर में आने वाले किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पडें तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के प्रत्येक घर से नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए तथा कचरे का नियमित रूप से प्रोसेस का कार्य करवाया जाए। साथ ही सार्वजनिक स्थानों, सडकों एवं खाली भूखंडों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाए, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सके।

बैठक में शहर में हरियाली बढाने, पौधरोपण अभियान को गति देने तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान नगर परिषद द्वारा स्थापित 41 आरओ प्लांट्स की स्थिति की समीक्षा भी की गई। समीक्षा के दौरान कुछ आरओ प्लांट्स के बंद होने की जानकारी मिलने पर गुप्ता ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।


**कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर, जिला-उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: -निविदा/2026-27/118 दिनांक-17.07.2026

**अल्पकालीन खुली बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगर , जिला, उदयपुर में स्वीकृत निम्नांकित कार्यो के हेतु इच्छुक एवं उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से खुली निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को नीचे दिये गये विवरण के अनुसार निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक कार्यालय नगर पालिका वल्लभनगरमें अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका वल्लभनगरके नाम से निर्धारित दिनांक व समय पर जमा कराना होगा। धरोहर राशि निविदा शुल्क प्राप्त नहीं होने पर उस निविदादाता की ऑफलाईन निविदाऐं खोली नहीं जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते संलग्न की जा रही है। जिसकी विस्तृत जानकारी **https://sppp.rajasthan. gov.in** एवं कार्यालय समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (2 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बेचने / डाउनलोड करने का दिनांक एवं समय | निविदा जमा कराने की दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वल्लभनगर पालिका एरिया में तहसिल कार्यालय में बाउन्ड्री वॉल ओर अन्य मरम्मत कार्य | 3.30 | 6600 | 500 | 30.07.2026 सायं 5.00 बजे तक। | 31.07.2026 दोपहर 12.00 बजे तक। | 31.07.2026 दोपहर 2.00 बजे । |

**UBN is : DLB2627WSOB12719**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका वल्लभनगर**